Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

निःशुल्क

दिसम्बर 2016

# कम्पटीशन

Mahendra's MAHENDRA GURU

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

# बूस्टर



## आर्थिक तंत्र, बैंकिंग एवं आरबीआई का मिश्रण

### आर्थिक

दिसम्बर 2 : संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2017 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। देश में सरंचनात्मक सुधारों के आगे बढ़ने से विर्निमाण आधार मजबूत हुआ है और निवेश गतिविधियां तेज हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में 2016-17 और 2017-18 दोनों वर्ष में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रहेगी।

दिसम्बर 2 : एप के माध्यम से टैक्सी बुकिंग सेवा देने वाली ओला ने पेट्रोलियम कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) तथा इंडियन आयल (आईओसीएल) के साथ गठजोड़ किया है। इसके अंतर्गत 20000 से अधिक पेट्रोल पंप ओला के मोबाइल वालेट ओला मनी के माध्यम से भुगतान स्वीकार करेंगे।

दिसम्बर 3 : नोटबंदी के बाद वित्त वर्ष 2016-17 के लिए इंडिया रेटिंग्स ने अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को संशोधित करते हुए 6.8 प्रतिशत कर दिया है जो पहले 7.8 प्रतिशत था। इंडिया रेटिंग्स का कहना है कि नोटबंदी से इस वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1,500 अरब रुपये की कमी आ सकती है।

दिसम्बर 5 : वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी नोमूरा का अनुमान है कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू तिमाही में घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ जाएगी। अगले वर्ष की पहली तिमाही यानी जनवरी मार्च की तिमाही में यह 7 प्रतिशत पर रहेगी।

दिसम्बर 7 : डिजिटल भुगतान सेवा देने वाली कंपनी पेटीएम ने एक टोल-फ्री नंबर शुरू किया है जिस पर ग्राहकों एवं दुकानदारों को बिना किसी इंटरनेट कनेक्शन के भुगतान देने एवं स्वीकार करने की सुविधा मिलेगी।

दिसम्बर 8 : इंडियन आयल कारपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन (बीपीसीएल) तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन (एचपीसीएल) ने पश्चिमी तट पर 30 अरब डालर की लागत से देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी की स्थापना के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

दिसम्बर 9 : इच्छुक ड्राइवर साझेदारों को प्रशिक्षण देने के लिए देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया और एप आधारित टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला ने समझौता किया है।

दिसम्बर 14 : निजी क्षेत्र की दूसरी बड़ी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन इंडिया ने डिजिटल भुगतान को आसान बनाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुये अपने मोबाइल वॉलेट में 'वोडाफोन एम-पैसा पे' के आरम्भ की घोषणा की है। इसके माध्यम से कारोबारी और खुदरा विक्रेता बड़ी आसानी से बिना नकदी के अपने ग्राहकों से भुगतान प्राप्त कर सकेंगे।

दिसम्बर 20 : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भविष्य निधि जमाओं (ईपीएफ) पर चालू वित्त वर्ष के लिये ब्याज दर को घटाकर 8.65 प्रतिशत कर दिया। ईपीएफ पर चार वर्ष में यह सबसे कम ब्याज दर है।

दिसम्बर 20 : मोबाइल फोन कंपनी माइक्रोमैक्स इन्फोरमेटिक्स ने एप के माध्यम से टैक्सी बुकिंग सेवा देने वाली उबर के साथ भागीदारी की घोषणा की है।

इस भागीदारी के साथ माइक्रोमैक्स के ग्राहक अपने स्मार्टफोन पर उबर का एप डाउनलोड किए बिना भी उसकी कैब बुक कर सकेंगे।

दिसम्बर 22 : जापानी वित्तपोषण एजेंसी जिका ने मुंबई व अहमदाबाद के बीच हाइस्पीड रेल परियोजना के लिए रेल मंत्रालय व नेशनल हाइ स्पीड रेल कारपोरेशन के साथ त्रिपक्षीय परामर्श समझौता किया है।

दिसम्बर 27 : शीतल पेय बनाने वाली कंपनी कोका कोला इंडिया ने अपने 'थम्स अप' ब्रांड के लिए बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

दिसम्बर 27 : प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने बालीवुड स्टार अक्षय कुमार को अपनी वाणिज्यिक वाहनों की व्यावसायिक इकाई का ब्रांड अंबेस्डर बनाया है।

दिसम्बर 29 : भारत की सबसे बड़ी 500 कंपनियों पर जारी फॉर्च्यून मैगजीन के ताजा अंक में रुचि सोया का खाद्य एवं कृषि उत्पाद क्षेत्र में भारत की नंबर 1 कंपनी का दर्जा दिया गया है। रुचि सोया ने वित्त वर्ष 2015-16 में 27 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया। फॉर्च्यून इंडिया द्वारा भारत के 500 सबसे बड़े संगठनों में रुचि सोया को 83वें स्थान पर रखा गया है। रुचि सोया एकमात्र खाद्य एवं कृषि कंपनी है जिसने फॉर्च्यून इंडिया 500 की सूची में शीर्ष 100 में स्थान बनाया है।

### बैंक

दिसम्बर 1 : भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने भारतीय महिला बैंक के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में विलय को स्वीकृति दे दी है।

**दिसम्बर 5** : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी ने सरकार द्वारा ढाले गए 'भारतीय स्वर्ण सिक्का' की बिक्री के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ समझौता किया है।

**दिसम्बर 6** : पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने कैब एग्रीगेटर ओला के साथ भागीदारी की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मोबाइल एटीएम स्थापित किए जाएंगे।

**दिसम्बर 7** : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय डाक के साथ समझौता किया है ताकि 'महिला ई-हाट' से खरीदारी करने वालों को भुगतान के अधिक विकल्प मिल सकें और सामानों की डिलीवरी को आसान बनाया जा सके।

**दिसम्बर 13** : एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने नोटबंदी, कमजोर निवेश तथा कृषि क्षेत्र में नरमी के कारण वर्ष 2016 के लिये भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया है।

हालांकि 2017 के लिये भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

**दिसम्बर 26** : आईडीएफसी बैंक ने व्यापारियों के लिए आधार से जुड़ी अखिल भारतीय भुगतान सेवा का आरम्भ किया। इस सेवा के अंतर्गत खुदरा विक्रेता के स्मार्टफोन से डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा।

**दिसम्बर 29** : देश की अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक आईसीआईसीआई ने अपने ग्राहकों के साथ इंटरनेट के माध्यम से बेहतर तरीके से जुड़ने के लिए विश्व की दिग्गज सोशल नेटवर्किंग कंपनी ट्विटर से अनुबंध किया। इस अनुबंध के अंतर्गत बैंक को अपने ग्राहकों की शिकायतें पाने और उनके तत्काल समाधान में सहूलियत होगी।

आईसीआईसीआई भारत का पहला ऐसा बैंक बन गया है, जिसने अपने ट्विटर अकाउंट 'आईसीआईसीआईबैंक केयर' में ग्राहक सेवा का फीचर शुरू करेगी।

## आरबीआई

**दिसम्बर 7** : भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 7.6 प्रतिशत से घटाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है।

**दिसम्बर 27** : गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयू फाइनेंसियर्स (इंडिया) को लघु वित्त बैंक के रूप में कामकाज शुरू करने के लिये रिजर्व बैंक से अंतिम स्वीकृति मिल गयी है।



# राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक समाचार

**दिसम्बर 1** : सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की केंद्रीय सूची में **15** नयी जातियों को सम्मिलित करने और **13** अन्य जातियों में परिवर्तन को स्वीकृति दे दी।

**दिसम्बर 1** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नोएडा में बनने वाले पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बाबा रामदेव की प्रशंसा करते हुए अखिलेश ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के युवाओं और किसानों को सहायता मिलेगी। साथ ही **8000** से अधिक लोगों को सीधा रोजगार और **80** हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिलेगा।

**दिसम्बर 5** : हैलाकांडी, चाय बागान श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से करने के लिए असम में पहला जिला बना गया है। **15** दिसंबर **2016**, बागान श्रमिकों को बिना नकद लेनदेन के भुगतान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समय सीमा निर्धारित की गयी है।

**दिसम्बर 6** : अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद ओ पनीरसेल्वम ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह उनका इस पद के लिए तीसरा कार्यकाल है।

**दिसम्बर 7** : भारत मिस्र के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित अल-अजहर विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा। इस केंद्र की स्थापना दोनों देशों के बीच शिक्षा में सहयोग को बढ़ाने के प्रयास के अंतर्गत की जाएगी।

**दिसम्बर 8** : रेल मंत्री सुरेश प्रभू ने झारखंड के मुख्यमंत्री के साथ 'हजारीबाग-बरकाकाना' रेलवे लाइन का नयी दिल्ली से आनलाइन उद्घाटन किया और कहा कि **203** किलोमीटर लंबी 'कोडरमा-रांची' रेलवे लाइन पूरी होने के कगार पर है।

**दिसम्बर 12** : हरियाणा सरकार **22** जनवरी **2017** को राज्य में **22** महिला कॉलेजों के लिए आधारशिला रखकर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' दिवस मनाएगी।

**दिसम्बर 15** : हरियाणा अपने दो जिले में केंद्र की महिला पुलिस वालंटियर योजना लागू करने वाला पहला राज्य बन गया और कार्यक्रम के अंतर्गत **1,000** महिलाओं को सम्मिलित किया गया है।

करनाल और महेंद्रगढ़ दो जिलें हैं जहां इस पहल को अपनाया गया है।

**दिसम्बर 15** : ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय और खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के बीच आपसी सहमति के ज्ञापन (एमओयू) को स्वीकृति दे दी।प्रध ाानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस एमओयू को स्वीकृति दी गई।इस एमओयू के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने में सहायता मिलेगी।

**दिसम्बर 16** : पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने कहा कि किसानों का परामर्शक निकाय पंजाब किसान विकास चैंबर (पीकेवीसी) कृषि एवं सहायक गतिविधियों को लाभ के व्यवसाय में परिवर्तित करने में प्रमुख कारक सिद्ध होगा।

**दिसम्बर 16** : छत्तीसगढ़ में बुनियादी क्षेत्र की विकास परियोजनाओं में चीन की कंपनी पूंजी निवेश करेगी। चीन की कंपनी ने इस बारे में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस एम.ओ.यू. के अनुसार चीन की इस कम्पनी द्वारा छत्तीसगढ़ में ढांचागत क्षेत्र की विकास परियोजनाओं में पूंजी निवेश किया जाएगा।

**दिसम्बर 17** : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य के पहले राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं खेल परिसर का उद्घाटन किया।

रायपुर में **237.30** करोड़ रूपये की लागत से बने इस स्टेडियम में **25,000** दर्शकों की क्षमता है।

**दिसम्बर 17** : सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों एनटीपीसी तथा नाल्को ने ओडिशा में **14,000** करोड़ रुपये के निवेश से **2,400** मेगावाट का कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित करने के लिए अनुबंध किया है। इसके माध्यम से नाल्को को एल्युमीनियम उत्पादन के लिए कम लागत की बिजली आपूर्ति की जाएगी।

**दिसम्बर 17** : राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने एसोचेम( एएसएसओसीएचएएम), श्री फाउंडेशन और टाइम्स समूह द्वारा आयोजित नौंवे विश्व मानवता समागम, शक्ति और अध्यामिकता का नई दिल्ली में उद्घाटन किया।

**दिसम्बर 19** : जम्मू एवं कश्मीर के बडगांव जिले में स्थित लानुरा गांव देश का पहला कैशलेस गांव बना। रिपोर्ट के अनुसार इस गांव के प्रत्येक परिवार में से लगभग एक व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली (ईपीएस) से प्रशिक्षित है, अब तक इस प्रणाली के अंतर्गत **150** लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**दिसम्बर 20** : क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा निमंत्रण अस्वीकार किये जाने के बाद असम सरकार ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दो वर्षों के लिए राज्य के पर्यटन की ब्रांड एबेंसडर होंगी।

**दिसम्बर 21** : केंद्र शासित प्रदेश दमन व द्वीव देश का पहला नकदीरहित क्षेत्र बन गया है।

अरब सागर में स्थित इस छोटे से दीव में **25,000** से अधिक परिवार रहते हैं जिन्हें नकदीरहित लेनदेन के लाभ के बारे में बताया व समझाया गया है।

**दिसम्बर 22** : निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने बिहार में बिजली बिलों का ऑनलाइन भुगतान करने के लिये बिहार राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी के साथ सहमति ज्ञापन समझौता किया है।

**दिसम्बर 22** : भारत ने अपने देश में निर्मित और विकसित लंबी दूरी की क्षमता वाली सबसोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का ओडिशा में चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) से परीक्षण किया।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक हजार किलोमीटर की दूरी तक मारक क्षमता वाली अत्याधुनिक मिसाइल को एक विशेष रूप से डिजाइन किये गये प्रक्षेपक से दोपहर आईटीआर के परिसर संख्या तीन से प्रक्षेपित किया गया।

दिसम्बर 23 : आयुष राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच) का शिलांग, मेघालय में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र में होम्योपैथी कॉलेज वाला दूसरा आयुर्वेदिक कॉलेज बनने के साथ-साथ आयुष का एकमात्र केंद्रीय शिक्षा संस्थान बन गया है।

दिसम्बर 23 : केन्द्रीय विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पीयूष गोयल ने घरेलू कोयले के उपयोग में लचीलेपन के लिए एक वेब पोर्टल 'कोल मित्र' लांच किया और 'नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण: पारेषण एक संबल', 'हरित ऊर्जा कॉरिडोर II' और 'बिजली की मांग के रुख के विश्लेषण' पर रिपोर्ट जारी कीं।

दिसम्बर 26 : मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी ने बॉलीवुड किंग खान शाहरुख खान को डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया।

दिसम्बर 26 : नीति आयोग का स्वास्थ्य सूचकांक राज्यों को मापने योग्य संकेतकों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग देगा। इनमें नवजात शिशु मृत्यु दर, जन्म पर लिंगानुपात और सातों दिन 24 घंटे काम करने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र आदि सम्मिलित हैं।

दिसम्बर 26 : भारत सरकार ने डिजीटल भुगतानों को प्रोत्साहित करने के लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में लकी ग्राहक योजना और डिजी-धन व्यापार योजना पुरस्कारों का शुभारंभ किया। भारत में डिजीटल भुगतानों और कम नकदी वाले समाज को एक जन आंदोलन बनाने के लिए मार्च तक अगले 100 दिनों में देश के 100 अलग-अलग शहरों में डिजी-धन मेलों का आयोजन किया जाएगा। आज डिजी-धन मेले में लगभग 5000 लोगों ने भाग लिया।

दिसम्बर 27 : डाक विभाग ने स्वतंत्रता सेनानी गया प्रसाद कटियार के नाम पर विशेष टिकट जारी किया है।

इसके अतिरिक्त 'पर्सनेलिटिज सीरिज रूबिहार' पर आठ स्मारक डाक टिकट जारी किए गए । हरदयाल म्युनिसिपल हेरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी पर भी एक डाक टिकट जारी किया गया।

दिसम्बर 27 : असम सरकार ने वार्षिक पांच लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों के लिए एक नई स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत गंभीर बीमारियों के लिए दो लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज संभव होगा। यह किसी भी राज्य की ओर से शुरू की गई अपने किस्म की पहली योजना है।

दिसम्बर 27 : भारत अगले वर्ष जुलाई में क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) सम्मेलन की मेजबानी कर सकता है। इसका उद्देश्य 16 सदस्य देशों में वस्तु एवं सेवा के क्षेत्र में व्यापार के लिये नियमों को उदार बनाना है तथा निवेश को बढ़ावा देना है।

सोलह सदस्यीय आरसीईपी में 10 आसियान देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपीन, लाओस तथा वियतनाम) तथा छह एफटीए भागीदार, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड हैं।

दिसम्बर 27 : दक्षिण भारत के कोल्लम रेलवे स्टेशन पर फ्री वाई-फाई सेवा शुरू होने के साथ ही भारतीय रेलवे 2016 के अंत तक देश के 100 रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई सेवा उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को पूरा कर चुका है। रेलवे का अगला कदम अगले वर्ष 2017 तक गूगल के सहयोग से 400 बड़े स्टेशनों को निःशुल्क वाई-फाई सेवा से युक्त करने का है।

दिसम्बर 28 : चलन से बाहर किये गये 500, 1,000 रुपये के पुराने नोट रखने वालों पर अब जुर्माना लगेगा। उन्हें जेल की सजा भी हो सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस तरह के प्रावधान वाले अध्यादेश को स्वीकृति दी है।

दिसम्बर 28 : कॉल ड्रॉप की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने दिल्ली और मुंबई समेत कई स्थानों पर इंटीग्रेटेड वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआरएस) प्रणालियां शुरू की हैं। इनके माध्यम से सरकार ग्राहकों से सीधे कॉल की गुणवत्ता के बारे में प्रतिक्रिया लेगी। विज्ञप्ति के अनुसार दूरसंचार विभाग ने इस सेवा को दिल्ली, मुंबई, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और गोवा में 23 दिसंबर से शुरू किया है।

दिसम्बर 29 : राज्य में इनोवेशन लैब खोलने के लिए झारखंड सरकार और आईआईएम, अहमदाबाद के बीच अनुबंध हुआ। इसके लिए राज्य सरकार आईआईएम को 22 करोड़ रुपए देगी। वाईफाई युक्त इस लैब में वर्क स्टेशन होगा।

दिसम्बर 30 : किसानों को जलवायु परिवर्तन के खतरों से समय पर निपटने एवं अच्छी पैदावार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार 1100 'जलवायु-स्मार्ट' गांव विकसित करेगी।

दिसम्बर 30 : स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की एक संयुक्त पहल के तहत "स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र" पहल शुरू की गई ।

दिसम्बर 30 : भारतीय इतिहास कांग्रेस (इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस) के 77वें सत्र का उद्घाटन करते हुए मुखर्जी ने इतिहासकारों से कहा कि वे इतिहास के प्रति ज्यादा से ज्यादा तथ्यपरक व्यवहार अपनाएं।

दिसम्बर 31 : देश में ई-पेमेंट को और आसान बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधार लिंक्ड मोबाइल पेमेंट एप्लीकेशन भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी) को लॉन्च किया। यह यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) और यूएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डाटा) का रिब्रांडेड वर्जन है।



# माह के अंतर्राष्ट्रीय समाचार

**दिसम्बर 2 :** राजकुमार महा वाजीरलोंकोर्ण थाइलैंड के नये नरेश उद्घोषित किये गये और इसके साथ ही उनके सम्मा. नित पिता भूमिबोल अदुल्यदेज के निधन के बाद देश की राजशाही में नये अध्याय का सूत्रपात हुआ। उनके पिता विश्व में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नरेश थे।

**दिसम्बर 5 :** न्यूजीलैंड के लोकप्रिय प्रधानमंत्री जॉन की ने अपने पद से त्यागपत्र देने की अचानक घोषणा करते हुए कहा कि आठ वर्षों के कार्यकाल के बाद अब त्यागपत्र देने का समय आ गया है।

**दिसम्बर 6 :** फ्रांस के गृहमंत्री बर्नार्ड केजेनोव को नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया।

राष्ट्रपति पद के चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने के लिए फ्रांसीसी प्रधानमंत्री मैनुअल वाल्स ने त्यागपत्र दे दिया था।

**दिसम्बर 8 :** सरकार ने भारत और ब्रिटेन के बीच बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर हुए समझौते को पूर्व व्यापी स्वीकृति दी।एक आधिकारिक कथन के अनुसार एमओयू (सहमति पत्र) में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया गया है।

**दिसम्बर 9 :** सरकार ने अफगानिस्तान के साथ बाहरी अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक सहमतिपत्र के लिए स्वीकृति दे दी। इस सहम. तिपत्र पर हस्ताक्षर होने से भारत को अफगानिस्तान के महत्वपूर्ण अंतरिक्ष एवं संचार क्षेत्र में पैर जमाने में सहायता मिलेगी।

**दिसम्बर 9 :** इंटरनेट के लिए नेपाल की भारत पर निर्भरता को कम करने के लिए चीन की एक प्रमुख कंपनी चाइना टेलीकाम ग्लोबल व सरकारी कंपनी नेपाल टेलीकॉम ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच सीमापारीय इंटरनेट प्रोटोकाल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**दिसम्बर 10 :** भारत और प्रभावशाली पूर्वी एशियाई देश वियतनाम ने असैन्य परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर बल दिया कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को मजबूती मिलेगी।

**दिसम्बर 12 :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री पद से जॉन की द्वारा त्यागपत्र देने की चौंका देने वाली घोषणा किए जाने के बाद सत्तारूढ़ नेशनल पार्टी ने अनुभवी बिल इंग्लिश को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना है।

**दिसम्बर 13 :** भारत दौरे पर आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति विडोडो ने संयुक्त कथन जारी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को अपना महत्वपूर्ण साझेदार बताया और उसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक हिस्सा घोषित किया।

**दिसम्बर 15 :** पाकिस्तान ने स्वदेश में निर्मित एक क्रूज मिसाइल के परिष्कृत संस्करण का सफल परीक्षण किया। सभी प्रकार के आयुधों के साथ **700** किलोमीटर तक की दूरी की मारक क्षमता वाली इस क्रूज मिसाइल की पहुंच में कई भारतीय शहर आते हैं।इस क्रूज मिसाइल का नाम मुगल आक्रमणकारी एवं मुगल राजवंश के संस्थापक 'बाबर' के नाम पर रखा गया है।

**दिसम्बर 15 :** सरकार ने भारत और नाइजीरिया के बीच एक नये हवाई सेवा समझौते के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क बेहतर बनाना है।

इससे पहले दोनों देशों के बीच हवाई सेवा समझौता जनवरी **1978** में हुआ था।

**दिसम्बर 16 :** जापान और रूस ने औपचारिक तौर पर द्वितीय विश्वयुद्ध को समाप्त करने और जापान के दावे वाले रूस अधिकृत छोटे-छोटे द्वीपों में आर्थिक परियोजनाओं पर केंद्रित एक शांति समझौता पर प्रगति के उद्देश्य से आयोजित शिखर सम्मेलन का समापन किया।

**दिसम्बर 19 :** यूक्रेन ने देश को आर्थिक मंदी से बचाने के क्रम में देश के सबसे बड़े बैंक 'प्राइवेट बैंक' का राष्ट्रीयकरण कर दिया है।सरकार ने यह कदम बैंक का फंसा हुआ कर्ज बड़ी मात्रा में होने की कई महीनों की चर्चाओं के बाद उठाया है।

**दिसम्बर 19 :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ताजिक राष्ट्रपति एमोमली रहमान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों देशों ने चार बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में वित्तीय खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान भी सम्मिलित हैं।

**दिसम्बर 20 :** आस्ट्रेलिया ने फ्रांस से **12** अत्याधुनिक पनडुब्बियां खरी. दने के लिए **50** अरब डालर का सौदा किया है। यह पनडुब्बियां रक्षा के साजो-सामान बनाने वाली फ्रांससी कंपनी डीसीएनएस द्वारा बनायी गयी हैं।

**दिसम्बर 21 :** भारत और किर्गिस्तान ने अपने संबंधों को नयी गति प्रदान करते हुए द्विपक्षीय निवेश समझौतों के विविध आयामों को अंतिम रूप देने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग संबंधी छह अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर किया, साथ ही आतंकवाद, चरमपंथ और कट्टरपंथ की चुनौतियों से निपटने में निकट सहयोग का संकल्प व्यक्त किया ।

**दिसम्बर 22 :** ब्रिक्स देशों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित नव विकास बैंक ने चीन में सौर परियोजना के लिये **7.2** करोड़ डालर का कर्ज उपलब्ध कराया है। बैंक का साम्यवादी देश के साथ यह पहला ऋण समझौता है।

**दिसम्बर 22 :** शिकागो विश्वविद्यालय और भारतीय दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद (टीएसएससी) के बीच उन्नत दूरसंचार एवं डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक सहमति ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**दिसम्बर 23 :** नेपाल एसबीआई बैंक ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्वाइंट आफ सेल (पीओएस) सेवाएं शुरू की हैं।नेपाल एसबीआई, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की सबसे बड़ी विदेश अनुषंगी है।

**दिसम्बर 27 :** चीन ने अपनी सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी करते हुए स्टेल्थ लड़ाकू विमान एफसी-**31** का सफल परिक्षण किया। पांचवी पीढ़ी के इस विमान को अमेरिका के एफ-**35** की टक्कर का माना जा रहा है।

**दिसम्बर 31 :** रोमानिया के राष्ट्रपति ने सोशल डेमोक्रेट सोरिन ग्रिनडेनू को देश का नया प्रधानमंत्री नामित किया है। वाम दलों के **11** दिसंबर को संसदीय चुनाव जीतने से जारी अनिश्चितता के कुछ हफ्ते बाद यह निर्णय हुआ है।


Mahendra's
TM
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations
STEPS OF SUCCESS
STEP 01
Get Enlightened
STEP 02
Increase Knowledge
STEP 03
Achieving Targets
STEP 04
Be The Winner
www.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.mahendraguru.com
www.mahendraskills.org
Connect with us on the Social Network
YouTube
http://www.youtube.com/c/MahendraGuruvideos
www.facebook.com/Emahendras
www.instagram.com/mahendra.guru



# माह के खेल समाचार

**दिसम्बर 1** : नार्वे के मैग्नस कार्लसन ने रूसी चैलेंजर सर्जेइ कर्जाकिन को टाइब्रेकर में परजितकर लगातार तीसरी बार विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीत ली।

**दिसम्बर 2** : एशिया के सबसे बड़े स्टार उमर अब्दुल रहमान को एएफसी वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबालर चुना गया। वह पिछले वर्ष भी पुरस्कार के लिये नामित थे लेकिन हमवतन अहमद खलील से पराजित हुए।

**दिसम्बर 3** : ओलंपिक रजत पदक विजेता पी वी सिंधु दो पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंच गयी जबकि बीडब्ल्यूएफ की ताजा विश्व रैंकिंग में साइना नेहवाल फिर से शीर्ष दस में सम्मिलित हो गयी हैं।

**दिसम्बर 3** : निको रोसबर्ग ने मर्सीडीज के लिये विश्व खिताब जीतने के बाद पांच दिन बाद ही फार्मूला वन से संन्यास लेने की घोषणा करके मोटररेसिंग जगत को स्तब्ध कर दिया।

**दिसम्बर 3** : उसेन बोल्ट को ट्रैक एवं फील्ड का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष एथलीट चुना गया है। उन्हें खेल की संचालन संस्था आईएएएफ के वार्षिक पुरस्कार के लिए छठी बार चुना गया है।

ओलंपिक में महिला 10000 मीटर में विश्व रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली इथोपिया की अल्माज अयाना को महिला वर्ग का पुरस्कार मिला।

**दिसम्बर 5** : टाइगर वुड्स भले ही कोर्स पर अपनी वापसी को लेकर चर्चा में रहे हो लेकिन जापान के हिदेकी मत्सुयुमा ने 2016 हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ खिताब जीत लिया और जीतने के बाद कहा कि इस महान गोल्फ की मेजबानी में होने वाला टूर्नामेंट जीतकर वह गौरवान्वित हैं।

**दिसम्बर 5** : भारतीय रेस अरमान इब्राहिम और उनके श्रीलंकाई साथी दिलांता मालागामुवा ने लैंबोरगिनी सुपर ट्रोफियो सीरीज में प्रो एम चैंपियनशिप जीतकर अपने 2016 रेसिंग सत्र का शानदार अंत किया।

**दिसम्बर 5** : दिग्गज भारतीय गोल्फर मुकेश कुमार ने मौसम से प्रभावित पैनासोनिक ओपन गोल्फ जीत लिया। इसके साथ ही वह एशियाई टूर खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज गोल्फर बन गए। धुंध के कारण दो दिन खेल प्रभावित रहने से इसे 54 होल का कर दिया गया था।

**दिसम्बर 6** : फैजल कमर और जेनिफर सीबीएसई राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप के अंडर-19 वर्ग में क्रमशः बालक और बालिका एकल चैम्पियन बने।

**दिसम्बर 10** : शिव कपूर ने यूबीएस हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में बाद भारतीय गोल्फरों के बीच अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पहले दौर में 68 का स्कोर बनाने वाले कपूर एक अंडर 69 के स्कोर के बाद कुल तीन अंडर 137 के स्कोर से चार स्थान के लाभ के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर हैं।

**दिसम्बर 10** : भारत के विराट कोहली ने बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा जबकि आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर उनसे महज दो अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं।

**दिसम्बर 10** : उपराष्ट्रपित हामिद अंसारी ने बिजू पटनायक ग्रामीण हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

इस टूर्नामेंट में ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की कुल 1500 से टीमें भाग ले रही हैं।

इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत की राष्ट्रीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की ने कराया है। सेल हॉकी स्टेडियम में इस टूर्नामेंट में अंसारी ने कहा कि खेल इस प्रांत में आत्मा, हवा और पानी है।

**दिसम्बर 12** : विराट कोहली 11 दिसंबर 2016 को एक वर्ष में तीन बार दोहरा शतक बनाने वाले पांचवें क्रिकेटर बने। विराट कोहली के बेहतरीन दोहरे शतक और जयंत यादव के साथ उनकी रिकॉर्ड 241 रनों की साझेदारी के कारण से भारत ने इंग्लैंड की पहली पारी के जवाब में 631 रनों का विशाला स्कोर खड़ा किया।

**दिसम्बर 13** : क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने चौथी बार बैलन डी' ओर का खिताब अपने नाम किया।

31 वर्षीय पुर्तगाली खिलाड़ी ने हालिया महीनों में रियल मैड्रिड के साथ चैम्पियंस लीग और पुर्तगाल के साथ यूरोपियन चैंपियनशिप जीती।

**दिसम्बर 13** : दिग्गज क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने फाइनल में सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को पराजित कर 11वीं बिलियर्डस (150 से अधिक के प्रारूप) चैंपियनशिप जीती। आडवाणी ने कई विश्व चैंपियनशिप के विजेता गिलक्रिस्ट को फाइनल में 6-3 से पराजित किया। उनका यह कुल 16वां विश्व खिताब है।

**दिसम्बर 14** : भारतीय मुक्केबाजी में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मनोज कुमार को हाल में गठित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की कार्यकारी समिति में पुरूष मुक्केबाजों के खिलाड़ी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया।

**दिसम्बर 15** : मंजीत ने पुणे में चल रही 60वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा में साथी और स्टार ओलंपियन जीतू राय को पुरूषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पछाड़कर राष्ट्रीय चैम्पियन खिताब अपने नाम किया।

**दिसम्बर 16** : भारत बनाम इंग्लैंड पांचवें और अंतिम मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया। मैदान पर आए कप्तान एलिस्टेयर मैच के पहले

ओवर में उमेश यादव की पहली ही गेंद पर दो रन लेते ही कुक ने अपने टेस्ट करियर का एक और कीर्तिमान प्राप्त किया। कुक ने इस रन के साथ अपने 11,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए।

दिसम्बर 19 : खचाखच भरे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर चारों ओर से आते 'इंडिया इंडिया' के शोर के बीच भारत ने बहुत ही अच्छा हाकी का नमूना प्रस्तुत करते हुए बेल्जियम को 2.1 से पराजित कर जूनियर हाकी विश्व कप अपने नाम करने के साथ इतिहास पुस्तिका में नाम दर्ज करा लिया ।

दिसम्बर 20 : अनुभवी महिला राइफल निशानेबाज और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कुहेली गांगुली ने 60वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिला 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

दिसम्बर 20 : करुण नायर ने टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले शतक को तिहरे शतक में बदलकर 19 दिसंबर को यहां नाबाद 303 रन की रिकॉर्ड पारी खेली जिससे भारत ने अपना अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाकर इंग्लैंड के विरुद्ध पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

दिसम्बर 20 : अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की वापसी संभव हो गई जब एआईबीए ने नवगठित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ को सर्वसम्मति से पूर्ण सदस्यता दे दी ।

दिसम्बर 22 : भारत के टेस्ट कप्तान के तौर पर लगातार 18 मैच जीतने के बाद भी विराट कोहली को वर्ष की आईसीसी टेस्ट टीम में स्थान नही मिला है जबकि उन्हें आल स्टार वनडे टीम का कप्तान चुना गया है जिसमें रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे सितारे भी सम्मिलित है ।

दिसम्बर 23 : भारतीय महिला हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप में दक्षिण कोरिया को 3-0 से पराजित करते हुए हुए कांस्य पदक जीता।

दिसम्बर 27 : सेना निशानेबाजी इकाई (एएमयू) के सत्येंद्र सिंह ने 60वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप के अंतिम दिन पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन स्पर्धा में साथी और ओलंपियन चौन सिंह को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

दिसम्बर 30 : विश्व की पूर्व नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी अना इवानोविच ने 29 वर्ष की उम्र में टेनिस को अलविदा कहने का निर्णय किया। चोटिल होने के कारण वह पिछले कुछ समय से शीर्ष स्तर की टेनिस नहीं खेल पा रही थी। वह अभी विश्व में 63वें नंबर की खिलाड़ी हैं।

दिसम्बर 30 : आरएसपीबी के विशाल सोलंकी ने सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के चौथे दिन पुरूषों के 105 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



# माह के विज्ञान एवं विविध समाचार

**दिसम्बर 7 :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी सी-36 के माध्यम से दूरसंवेदी उपग्रह रिसोर्ससैट-2ए को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। दूरसंवेदी उपग्रह रिसोर्ससैट-2ए को लेकर पीएसएलवी-सी 36 ने सुबह के लगभग 10. 25 बजे आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

**दिसम्बर 13 :** बेंगलुरू की रक्षा उपकरण बनाने वाली कंपनी अल्फा डिजाइन ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक समझौता किया है। इसके अंतर्गत कंपनी भारतीय क्षेत्रीय पथ-प्रदर्शन उपग्रह प्रणाली के उपग्रहों के लिए एकत्रीकरण, एकीकरण और परीक्षण करेगी।

**दिसम्बर 13 :** नासा का ओसिरिस-आरएक्स अंतरिक्षयान भ्रांति पैदा करने वाले 'ट्रोजन' नामक उन क्षुद्रग्रहों की खोज के लिए तैयार है, जो सूर्य की परिक्रमा करते समय लगातार पृथ्वी के साथ रहते हैं।क्षुद्रग्रह का एक नमूना धरती पर लेकर आने के नासा के पहले अभियान के अंतर्गत यह अंतरिक्षयान क्षुद्रग्रह बेनू की दो वर्ष की यात्रा पर रवाना होगा।

**दिसम्बर 17 :** चीन ने उत्तरी ध्रुव के पास पूरी तरह से अपने अधिकार वाला एक उपग्रह ग्राउंड स्टेशन स्थापित किया है। यह उसका पहला विदेशी स्टेशन है।

यह बीजिंग को पृथ्वी पर कहीं से भी विश्व में सबसे तेज गति से उपग्रह डेटा एकत्र करने में सक्षम बना सकता है।

**दिसम्बर 22 :** चीन ने जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए एक वैश्विक कार्बन डाइ ऑक्साइड निरीक्षण उपग्रह 'टैनसैट' प्रक्षेपित किया। इससे पहले ही चीन ने देश के लगभग 40 शहरों में फैले स्मॉग के कारण सप्ताह भर तक लगाए गए रेड अलर्ट को हटाया था।

**दिसम्बर 26 :** भारत ने चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड हथियार प्रणाली (एसएएडब्ल्यू) का सफल प्रक्षेपण किया । इस प्रणाली से किसी लड़ाकू विमान के माध्यम से 100 किलोमीटर के दायरे में जमीन पर उपस्थित लक्ष्यों को भेदा जा सकता है ।

**दिसम्बर 27 :** चीन ने अपने महत्वकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है और कहा है कि वर्ष 2018 में चंद्रमा की दूसरी ओर की थाह लेने के लिए वह यान भेजेगा और वहां यान को सुगमता से उतारने वाला वह विश्व का पहला देश बन जाएगा।'चीन स्पेस एक्टिविटीज इन 2016' शीर्षक से जारी किए गए श्वेत पत्र में कहा गया है कि अगले पांच वर्षों में चीन अपनी चंद्र अन्वेषण परियोजना को जारी रखेगा।

**दिसम्बर 28 :** चीन ने उच्च रेजोल्यूशन वाले दो रिमोट सेंसिंग उपग्रहों 'सुपरव्यू-1 01/02' का सफल प्रक्षेपण किया है जिनसे वाणिज्यिक तस्वीरें ली जा सकेंगी।

उपग्रहों का प्रक्षेपण शांशी प्रांत में ताइयुआन सेटेलाइट लॉन्च सेंटर से किया गया।

**दिसम्बर 29 :** अंतर्राष्ट्रीय खगोलविदों की टीम को ब्रम्हांड में आकाशगंगाओं के सबसे विशाल समूह को खोजने में बड़ी सफलता मिली है। यह सुपर क्लस्टर हमारी आकाशगंगा के काफी निकट है। शोधकर्ताओं ने बताया कि वेला सुपरक्लस्टर काफी व्यापक है और हमारी आकाशगंगा की गति को प्रभावित करता है।



# माह की नियुक्तियां

## आर के दत्त :

सीबीआई में विशेष निदेशक एवं वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आर के दत्त को गृह मंत्रालय में एक नव सृजित पद विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) पर नियुक्त किया गया।

दत्त की यह नियुक्ति काफी मायने रखती है क्योंकि यह नए सीबीआई निदेशक की नियुक्ति से महज कुछ दिन पहले हुई है।

## देवराज अनबु :

लेफ्टिनेंट जनरल देवराज अनबु ने चीफ ऑफ आर्मी के उत्तरी कमांड की कमान संभाल ली।

लेफ्टिनेंट जनरल देवराज को **1980** में सिख लाइट इन्फैंट्री में कमीशन मिला था।

## राकेश अस्थाना :

सीबीआई निदेशक अनिल सिन्हा अपने पद से सेवानिवृत्त हो गये। अनिल सिन्हा ने गुजरात काडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना को अपना प्रभार सौंप दिया। सरकार ने अभी जांच ब्यूरो के लिये पूर्ण कालिक प्रमुख की घोषणा नहीं की है।

गुजरात काडर के **1984** बैच के अधिकारी अस्थाना को कुछ दिन पूर्व ही सीबीआई में अतिरिक्त निदेशक के रूप में प्रोन्नत किया गया था।

## गोपाल जिवराजिका :

सलोरा इंटरनेशनल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गोपाल जिवराजिका ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष का पदभार संभाला है।

कथन के अनुसार जिवराजिका के पास विर्निमाण, विपणन तथा वित्त के क्षेत्र में **35** वर्ष से अधिक का अनुभव है।

## जे रविचंद्रन :

चित्रा रामकृष्ण ने नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ के पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे दिया है। वरिष्ठ कार्यकारी जे रविचंद्रन को प्रबंध निदेशक और सीईओ का अंतरिम प्रभार दिया गया है। यह प्रभार तबतक के लिये जबतक पूर्व वित्त सचिव अशोक चावला की अध्यक्षता वाला एनएसई बोर्ड चित्रा का पूर्णकालिक विकल्प नहीं तलाश लेता।

## सुनील तालदार :

दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने सुनील तालदार को अपनी डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) इकाई एयरटेल डिजिटल टीवी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया है।

## यदुवेन्द्र माथुर :

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक यदुवेन्द्र माथुर को नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने **1986** बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी के नये पद पर नियुक्ति को स्वीकृति दे दी है।

## बीएस भुल्लर :

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी बीएस भुल्लर को नागर विमानन महानिदेशक (डीजीसीए) नियुक्त किया गया।

वह अभी नागर विमानन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पद पर कार्यरत हैं। यह पद एम सत्यवती के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाली पड़ा था। सत्यवती पहली महिला विमानन विनियामक थीं।

## जगदीश सिंह खेहड़ :

न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संसद की ओर से पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) कानून को निरस्त करने वाली उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के अध्यक्ष रहे न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहड़ भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे ।

## विनोद पांडे :

पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकार (पीएफआरडीए) द्वारा नियुक्त ओंबुडसमैन विनोद पांडे ने कार्यभार संभला लिया है।

नियामक के पूर्णकालिक सदस्य आर वी वर्मा ने बताया कि पांडे ने नयी दिल्ली में एक दिसंबर को कार्यभार संभाला।

## डेविड शियरर :

न्यूजीलैंड के सांसद डेविड शियरर को दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन का प्रमुख बनाने के लिए नामित किया गया है।

शियरर ने विश्व भर में संयुक्त राष्ट्र के सहायता प्रयासों का नेतृत्व किया है।

## साकिब निसार :

पाकिस्तान के राष्ट्रपति ममनून हुसैन ने न्यायमूर्ति साकिब निसार को पाकिस्तान का नया प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया।

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश निसार प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनवर जहीर जमाली का स्थान लेंगे। जमाली **31** दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## तेनजिन दोर्जी

जाने-माने तिब्बती लेखक तेनजिन दोर्जी को ''यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम'' (यूएससीआईआरएफ) के आयुक्त पद पर नियुक्त किया गया है।

दोर्जी कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फुलेटरेन (सीएसयूएफ) के मानव संचार विभाग में एक एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

## सी बी भावे :

सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) केंद्रित विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज ने सेबी के पूर्व प्रमुख सीबी भावे को गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने एक कथन में यह जानकारी दी।

## पुलकित त्रिवेदी :

फेसबुक ने ई-वाणिज्य, खुदरा, यात्रा और वित्तीय सेवा खंडों के लिये पुलकित त्रिवेदी को उद्योग निदेशक नियुक्त किया है।

पुलकित इससे पहले, गूगल, इंटेल, माइक्रोसाफ्ट, आईबीएम

और एचसीएल जैसी कंपनियों में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं।

## अकबर इब्राहिम :

अकबर इब्राहिम को भारतीय मोटरस्पोर्ट की संचालन संस्था एफएमएससीआई का नया अध्यक्ष चुना गया। वह जायन खान का स्थान लेंगे।

इब्राहिम को चेन्नई में एफएमएससीआई की वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष चुना गया। जे पृथ्वीराज उपाध्यक्ष चुने गये हैं।

## सविता वैद्यनाथन :

अमेरिका में पहली बार भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला सविता वैद्यनाथन को कैलिफोर्निया के क्यूपर्टीनो शहर की नयी मेयर निर्वाचित किया गया है। क्यूपर्टीनो शहर एप्पल के मुख्यालय के कारण से जाना जाता है।

क्यूपर्टीनो की मेयर के रूप में निर्वाचित होने वाली सविता भारतीय मूल की पहली अमेरिकी महिला हैं।

## अमीना मोहम्मद :

नवनिर्वाचित संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरेस ने नाइजीरिया के पर्यावरण मंत्री अमीना मोहम्मद को उप महासचिव नियुक्त किया। गुतेरेस ने हाल ही में नौवें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में शपथ ग्रहण की थी।

## डेविड फ्राइडमैन :

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस्राइल-फलस्तीन के बीच विशेष संबंध बनाए रखने के उद्देश्य से डेविड फ्राइडमैन को इस्राइल के लिए अपना राजदूत नामित किया है। फ्राइडमैन दोनों देशों के बीच ‘‘दो राष्ट्र समाधान’’ के जबरदस्त विरोधी रहे हैं।

## विजय साजवाल :

भारतीय-अमेरिकी विशेषज्ञ विजय साजवाल को अमेरिका वाणिज्य विभाग की असैन्य परमाणु व्यापार परामर्श समिति में फिर से नियुक्त किया गया है।

## विजय शर्मा :

विजय कुमार शर्मा ने औपचारिक तौर पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के चेयरमैन का पद संभाल लिया।

सरकार ने शर्मा को एलआईसी का चेयरमैन नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति पांच वर्ष के लिए होगी।

## सुनील अरोड़ा :

पूर्व सूचना एवं प्रसारण सचिव सुनील अरोड़ा भारतीय कॉरपोरेट संस्थान (आईआईसीए) के महानिदेशक नियुक्त किये गये।

अरोड़ा की नियुक्ति मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा स्वीकृत की गयी। वे अगले पांच वर्ष अथवा **65** वर्ष तक की आयु तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

## बिपिन रावत और बीएस धनोआ :

सरकार ने उप थल सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बिपिन रावत को उनके दो वरिष्ठ अधिकारियों से आगे बढ़ाते हुए नया थल सेना प्रमुख नियुक्त किया और उप वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल बीएस धनोआ को भारतीय वायुसेना का नया प्रमुख बनाया गया।

## राजीव जैन और अनिल धस्माना :

देश की दो प्रमुख खुफिया एजेंसियों आईबी (इन्टेलिजेंस ब्यूरो) और रॉ (रिसर्च ऐंड अनैलेसिस विंग) के लिए भारत सरकार ने नए प्रमुखों की घोषणा कर दी है।

झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी राजीव जैन को आईबी का प्रमुख बनाया गया है जबकि अनिल धसमाना रॉ के नए प्रमुख होंगे। धसमाना अभी रॉ में नंबर दो की हैसियत रखते हैं। दोनों अधिकारियों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

## प्रफुल्ल पटेल :

प्रफुल्ल पटेल चार वर्ष के लिये अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये, जो उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने एफआईएफएफ को पारदर्शी तरीके से चलाने का वादा किया।

## प्रदीप गुप्ता :

अमेरिका में भारतीय अमेरिकी इंजीनियर प्रदीप गुप्ता कैलिफोर्निया राज्य में साउथ सान फ्रांसिस्को शहर के महापौर चुने गए हैं।

गुप्ता ऐसे दूसरे भारतीय-अमेरिकी हैं जिन्हें कैलिफोर्निया शहर का महापौर चुना गया है।

## विनोद वशिष्ठ :

लेफ्टिनेंट जनरल विनोद वशिष्ठ ने **23** दिसंबर **2016** को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र, जनरल वशिष्ठ **09** जून, **1979** को आर्टिलरी रेजिमेंट में सम्मिलित हुए।

## विरल आचार्य :

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने विरल आचार्य को डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है।

विरल आचार्य अगले **3** वर्ष के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर का पद संभालेंगे।

## डाक्टर केके अग्रवाल :

पद्मश्री और डाक्टर बीसी राय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डाक्टर केके अग्रवाल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के **88**वें अध्यक्ष के तौर पर शपथ ग्रहण की।

## एडमिरल सुनील लांबा

नौ सेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा ने निवर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अरूप राहा से चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल लिया है।

## अर्चना निगम

वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले व्यय विभाग में अर्चना निगम अगली लेखा महानियंत्रक होंगी। वह एक जनवरी **2017** से पदभार ग्रहण करेंगी।

एक आधिकारिक कथन के अनुसार अपने **35** वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों में विभिन्न पदों की जिम्मेदारी संभाली है।

# माह के पुरस्कार

## ऑड्रे हेपबर्न ह्यूमैनिटेरियन पुरस्कार

हिलेरी क्लिंटन ने यूनिसेफ के एक समारोह में गायिका कैटी पेरी को ऑड्रे हेपबर्न ह्यूमैनिटेरियन पुरस्कार प्रदान किया।

पेरी विश्वस्तरीय गायिका हैं, वह सोशल मीडिया की बड़ी हस्ती हैं और विश्व भर में ट्विटर पर उनके सबसे अधिक अनुसरण करने वाले हैं।

## सर्वश्रेष्ठ शहर का पुरस्कार 2016

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सिलसिले में प्रेरणादायी और अभिनव कार्यक्रम चलाने के लिए कोलकाता और विश्व के दस अन्य शहरों को इस श्रेणी में वर्ष 2016 के सर्वश्रेष्ठ शहर का पुरस्कार दिया गया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले शहरों में अदीस अबाबा, कोपेनहेगन, कुर्तिबा, सिडनी और मेलबर्न, पेरिस, पोर्टलैंड, सोल, शेन्जेन और योकोहामा सम्मिलित हैं।

## अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार :

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाली 16 वर्षीय एक भारतीय पर्यावरण कार्यकर्ता कहकशा बसु को इस वर्ष का प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार दिया गया है।

## 'सर्वोत्तम उभरते गंतव्य' पुरस्कार

जम्मू कश्मीर पर्यटन को अमेरिका स्थित यात्रा पत्रिका कोंडे नास्ट द्वारा 'साहसिक पर्यटन के लिए उभरते सर्वोत्तम गंतव्यों में से एक' के तौर पर चुना गया है।

## ब्रिटिश इंडीपेंडेंट फिल्म अवार्ड

एंड्रिया अर्नोल्ड की फिल्म 'अमेरिकन हनी' और 'आई, डेनियल ब्लैक' ब्रिटिश इंडीपेंडेंट फिल्म अवार्ड (बीआईएफए) जीतने वाली बड़ी फिल्में रहीं।

## ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित

सितारवादक अनुष्का शंकर और एमी के निर्देशक आसिफ कपाड़िया को 58वें ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। सितारवादक अनुष्का शंकर को विश्व की शरणार्थी समस्या से प्रेरित उनके एलबम को इसमें स्थान दिया गया है।

## एसजेएएम का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर को मुंबई खेल पत्रकार संघ (एसजेएम) के स्वर्ण जयंती लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में नामांकन

निर्देशक डेमियन शजेल की 'ला ला लैंड' को 74वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में सबसे ज्यादा सात श्रेणियों में नामांकन मिले हैं जबकि भारत-ऑस्ट्रेलिया की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'लायन' को चार श्रेणियों में नामांकित किया गया है जिनमें अभिनेता देव पटेल को मिला सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का नामांकन सम्मिलित है।

वहीं पुरस्कारों के टीवी वर्ग में 'वेस्टवर्ल्ड', 'दिस इज अस', 'द क्राउन', 'स्ट्रेंजर थिंग्स' और 'गेम ऑफ थ्रोन्स' जैसे इस सीजन के हिट सीरिज सर्वश्रेष्ठ टीवी सीरिज के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## 'द ग्लोबल टीचर प्राइज 2017'

अनूठे तरीके से भौतिकी पढ़ाने वाली एक भारतीय शिक्षिका कविता सांघवी उन शीर्ष 50 दावेदारों में सम्मिलित हैं, जो 10 लाख डॉलर के वैश्विक पुरस्कार की दौड़ में हैं। इस शिक्षिका को उनके भौतिकी पढ़ाने के प्रयोगधर्मी अंदाज के लिए पहचाना जाता है।

## 'हंटेरियन प्रोफेसरशिप एंड द मेडल फॉर 2017'

ब्रिटेन के 'रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स' की ओर से दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'हंटेरियन प्रोफेसरशिप एंड द मेडल फॉर 2017' ,एक जाने माने भारतीय मूल के हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन अनन शेट्टी को स्टेम सेल की सहायता से जोड़ों की हड्डी को ठीक करने में उनके अनुसंधान के लिए दिया जा रहा है।

## 89वें एकेडमी अवॉर्ड नामांकन

भारतीय संगीतकार ए आर रहमान एक बार फिर ऑस्कर अवॉर्ड जीतने की दौड़ में सम्मिलित हैं। 'पेले : बर्थ ऑफ ए लेजेंड' नाम की फिल्म में अपने काम के लिए वह इस दौड़ में सम्मिलित हुए हैं ।

## आफिसर दे ला लीजन दि आनर

हिंदुस्तान टाइम्स की चेयरपर्सन एवं संपादकीय निदेशक शोभना भरतिया को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''आफिसर दे ला लीजन दि आनर' से सम्मानित किया गया।

## इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2015

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक कार्यक्रम में यूएनएचसीआर इंडिया के चीफ ऑफ मिशन यासुको शिमिजू को 2015 के लिए 'इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार' प्रदान किया।

### स्काच पुरस्कार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को पोस्को ई-बॉक्स के लिए स्काच सिल्वर और स्काच आर्डर ऑफ मैरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### एआईबीए पुरस्कार

एम सी मेरीकाम और पूर्व एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता विकास कृष्णन को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्विटजरलैंड में आयोजित समारोह में अलग अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

### बिहारी पुरस्कार

राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ सत्यनारायण को वर्ष 2016 का छब्बीसवां बिहारी पुरस्कार दिया जायेगा। केके बिरला फाउंडेशन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि डॉ सत्यनारायण की हिन्दी रिपोर्ताज कृति ष्यह एक दुनियाष को वर्ष 2016 के 26वें बिहारी पुरस्कार के लिए चुना गया। इस पुस्तक का प्रकाशन वर्ष 2010 में हुआ था।

### डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय द्वारा डी लिट की उपाधि

प्रसिद्ध पार्श्र्वगायिका अनुराधा पौडवाल को कोल्हापुर में होने वाले डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में डी लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### नवलेखन पुरस्कार

भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा नवोदित रचनाकारों की पहली कृति की पांडुलिपि पर दिया जाने वाला 12वां नवलेखन पुरस्कार श्रद्धा और घनश्याम कुमार देवांश को प्रदान किया जायेगा।

FULFILL YOUR DREAM OF GETTING A GOVERNMENT JOB...
Join Mahendra's
GET ADMISSION ONLINE
VISIT : myshop.mahendras.org
Special Batches for :
IBPS प्रज्ञाविभावनम्
Batches Start from Every Wednesday
www.mahendras.org
www.mahendraguru.com
Toll Free
1800-103-5225

# माह के निधन

## जॉन मैन्सफील्ड :

दो विश्व युद्धों सहित टाइटैनिक के डूबने जैसे कई ऐतिहासिक घटनक्रमों के गवाह रहे ब्रिटेन के सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति जॉन मैन्सफील्ड का **108** वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

## सुलभा ब्राह्मे :

जानीमानी अर्थशास्त्री एवं वाम विचारक सुलभा ब्राह्मे का संक्षिप्त बीमारी के बाद उनके आवास पर निधन हो गया । वह **84** वर्ष की थीं ।

## ए वी श्रीधरन :

पुडुचेरी विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ए. वी. श्रीधरन का निधन हो गया। वह **72** वर्ष के थे।

## बेकल उत्साही :

कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और प्रसिद्ध शायर बेकल उत्साही का मष्तिकाघात के कारण राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह **88** वर्ष के थे।

## सैयद अब्दुस सलाम :

भारत के पूर्व डिफेंडर और कोच सैयद अब्दुस सलाम का सलारजंग कालोनी स्थित निवास में निधन हो गया। उन्हें वर्ष **1956** मेलबर्न ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया था। वे **77** वर्ष के थे।

## जयललिता :

तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह गत **22** सितंबर से अपोलो अस्पताल में भर्ती थीं।

## चो रामास्वामी :

वयोवृद्ध पत्रकार, राज्यसभा के पूर्व सदस्य एवं राजनीतिक टीकाकार चो रामास्वामी निधन हो गया। वह **82** वर्ष के थे।

रामास्वामी तुगलक पत्रिका के संस्थापक संपादक थे और उन्हें व्यंग्यकार के रूप में जाना जाता था।

## जॉन ग्लेन :

अमेरिका के पूर्व सीनेटर एवं अंतरिक्ष यात्री जॉन ग्लेन का ओहायो में निधन हो गया। ग्लेन पृथ्वी की कक्षा में जाने वाले पहले अमेरिकी थे। वह **95** वर्ष के थे। ग्लेन को **2012** में राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान ''स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रपति पदक'' से सम्मानित किया गया था।

## एलन थिके

एबीसी पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी पर आधारित प्रसिद्ध कार्यक्रम ''ग्रोइंग पेन्स'' में अपनी स्मरणीय भूमिका के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता एलन थिके का **69** वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

## थॉमस शेलिंग

परमाणु रणनीति को स्पष्ट करने के लिए खेल सिद्धांत का उपयोग करने वाले, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री थॉमस शेलिंग का **95** वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## जा जा गैबर

हंगरी में जन्मी हॉलीवुड की अभिनेत्री जा जा गैबर का हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वह **99** वर्ष की थीं।

वर्ष **1993** में उन्होंने अपनी आत्मकथा ''वन लाइफटाइम इज नॉट इनफ'' लिखी जिसमें उन्होंने अपने जीवन के कई अनछुए पहलुओं को बताया।

## अनुपम मिश्र

विख्यात पर्यावरणविद् और जल संरक्षणवादी अनुपम मिश्र का निधन हो गया। वह **68** वर्ष के थे।

## जगन्नाथ वर्मा

मलयालम फिल्मों और टेलीविजन के दिग्गज अभिनेता के. एन जगन्नाथ वर्मा का निधन हो गया। वह **77** वर्ष के थे ।

कथकली कलाकार वर्मा केरल पुलिस बल में तैनात थे और पुलिस अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुये थे।

## मिशेल मार्गन

फ्रांस के महान कलाकार मिशेल मार्गन का निधन हो गया है। लगभग **70** फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री को कान फिल्मोत्सव में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। वह **96** वर्ष की थी।

## मेहर सिंह

रॉयल कॉर्प्स ऑफ सिगनल्स में सेवा दे चुके द्वितीय विश्व युद्ध के योद्धा मेहर सिंह का **15** दिसंबर को निधन हो गया ।

वर्ष **1948** में उन्होंने वर्दी को अलविदा कह दिया और **1954** में उन्होंने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के बटोटे में निर्मल कुटिया आश्रम की नींव रखी।

## सुरेन्द्र प्रसाद तरुण :

राजगीर के भीष्म पितामह कहे जाने वाले जन-जन के लोकप्रिय **88** वर्षीय पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद तरुण को पटना के पीएमसीएच में निधन हो गया।साहित्य में गहरी रूचि थी।

तरुण जी एक पत्रकार के रूप में भी काफी दिनों तक काम किये हैं।

## जॉर्ज माइकल :

बैंड वैम के प्रसिद्ध ब्रितानी पॉप गायक जॉर्ज माइकल का निधन हो गया। वह **53** वर्ष के थे।

उन्होंने अपने करियर में **10** करोड़ से अधिक एलबम बेची।

## वेरा रबीन :

डार्क मैटर के लिए मजबूत साक्ष्य जुटाने में अपना योगदान देने वाली अमेरिका की प्रसिद्ध खगोलविद वेरा रबीन का निधन हो गया है। वह **88** वर्ष की थीं।

रबीन की वैज्ञानिक उपलब्धियों ने उन्हें कई तरह के पुरस्कार दिलवाए। वह नेशनल अकेडमी ऑफ सांइस के लिए निर्वाचित होने वाली दूसरी महिला बनीं।

## कैरी फिशर :

'स्टार वार्स' में प्रिसेंज लिया की स्मर्णीय भूमिका निभाने वाली हॉलीवुड अभिनेत्री और लेखिका कैरी फिशर का निधन हो गया। वह **60** वर्ष की थीं।

## रत्नासिरी विक्रमनायके :

श्रीलंका के दो बार प्रधानमंत्री रहे दिग्गज राजनेता रत्नासिरी विक्रमनायके का कुछ दिन की बीमारी के बाद निधन हो गया। वह **1970** से कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

## सुंदरलाल पटवा

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा का निधन हो गया। वह **92** वर्ष के थे।

## बालासाहेब विखे पाटिल

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता एकनाथ राव उर्फ 'बालासाहेब' विखे पाटिल का निधन हो गया।उनके परिवार ने बताया कि वह **84** वर्ष के थे।

उनके पिता विठ्ठलराव विखे-पाटिल ने लोनी में एशिया का पहला सहकारी चीनी मिल स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

Mahendra's DIGITAL CLASSROOM
हर एग्ज़ाम करना हो पास
तो देखें डिजीटल क्लास
www.youtube.com/c/MahendraGuruvideos

# माह की महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| 01 दिसम्बर | विश्व एड्स दिवस |
| 02 दिसम्बर | विश्व प्रदूषण निवारण दिवस |
| 03 दिसम्बर | विश्व विकलांग दिवस |
| 04 दिसम्बर | भारतीय नौसेना दिवस |
| 07 दिसम्बर | अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन दिवस |
| 09 दिसम्बर | अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निषेध दिवस |
| 10 दिसम्बर | मानवाधिकार दिवस |
| 14 दिसम्बर | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस |
| 16 दिसम्बर | विजय दिवस |
| 18 दिसम्बर | अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस |

# संक्षिप्तीकरण

| | |
|---|---|
| ACS | Automated Clearing System. |
| ADR | American Depository Receipt. |
| ASSOCHAM | Associated Chambers of Commerce and Industry of India. |
| BSCS | Basel Committee on Banking Supervision. |
| CAR | Capital Adequacy Ratio |
| CARE | Credit Analysis and Research Limited |
| CASA | Current and Savings Accounts |
| DTAA | Double Taxation Avoidance Agreement. |
| EFTPOS | Electronic Funds Transfer At Point Of Sale |
| GAAR | General Anti Avoidance Rule. |
| IBBI | Insolvency and Bankruptcy Board of India |



## विशेषांक

### चीन बॉर्डर पर बढ़ेगी शक्ति, अमेरिका से 145 हॉवित्जर तोपों के लिए हुई डील



- बोफोर्स घोटाले के बाद उत्पन्न हुए गतिरोध को तोड़ते हुए भारत और अमेरिका ने 145 एम 777 हल्के हॉवित्जर तोपों की खरीद के लिए 5000 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किये। इन्हें चीन के साथ सीमा के निकट तैनात किया जाएगा।

बोफोर्स के बाद तोप का पहला सौदा

- 1980 के दशक में हुए बोफोर्स घोटाले के बाद से तोपों की खरीद के लिए यह पहला सौदा है। सूत्रों ने बताया कि भारत ने स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर किया जो इन तोपों के लिए भारत और अमेरिका के बीच अनुबंध को औपचारिक रूप देता है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 5000 करोड़ रुपये की लागत से 145 हल्के हॉवित्जर तोपों की खरीद से संबंधी सौदे को हरी झंडी दे दी थी।

भारत-अमेरिका सहयोग समूह की बैठक

- इस सौदे पर नई दिल्ली में शुरू हुई भारत-अमेरिका सहयोग समूह (एमसीजी) की दो दिवसीय बैठक में हस्ताक्षर किया गया। भारत-अमेरिका एमसीजी एक मंच है जिसकी स्थापना रणनीतिक और संचालन के स्तर पर एचक्यू इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ और अमेरिकी पैसिफिक कमान के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए किया गया था। बैठक अमेरिकी सह-अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल डेविड एच बर्जर, कमांडर अमेरिकी नौसैनिक कोर बल, पैसिफिक के लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ, सीआईएससी, एचक्यू आईडीएस से भेंट के साथ शुरू हुईद्य एमसीजी बैठक की सह-अध्यक्षता एयर मार्शल ए एस भोंसले डीसीआईडीएस (ऑपरेशंस), एच क्यू आईडीएस ने की।

चीन बॉर्डर पर होंगे तैनात

- अमेरिकी रक्षा बलों का 260 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और भारतीय पक्ष की तरफ से तीन सेनाओं के एचक्यू और एचक्यू आईडीएस के कई अधिकारी द्विपक्षीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैंद्य एम 777 के मुद्दे पर सूत्रों ने बताया कि भारत ने अमेरिकी सरकार को एक अनुरोध पत्र भेजा था जिसमें तोपों की खरीद को लेकर दिलचस्पी जताई गई थी। इन तोपों को अरूणाचल प्रदेश के ऊँचाई वाले क्षेत्रों और चीन की सीमा से लगे लद्दाख के क्षेत्र में तैनात किया जाएगा।

120 तोप भारत में असेंबल होंगे

- अमेरिका ने स्वीकृति पत्र के साथ इसका जवाब दिया था और रक्षा मंत्रालय ने जून में सौदे की शर्तों पर गौर किया और इसे स्वीकृति दे दी। जहां 25 तोप भारत में तैयार अवस्था में आएंगी, वहीं शेष तोपों को महिंद्रा के साथ भागीदारी में भारत में स्थापित किए जाने वाली हथियार प्रणाली के लिए असेंबली इंटिग्रेशन एंड टेस्ट फैसिलिटी में जोड़कर तैयार किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'टाइम पर्सन ऑफ दी ईयर' का ऑनलाइन रीडर सर्वेक्षण जीता




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'टाइम पर्सन ऑफ दी ईयर, 2016' के लिए ऑनलाइन रीडर्स सर्वेक्षण जीत लिया है। इसमें उन्होंने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पीछे छोड़ दिया।
- 18 फीसदी मतों के साथ मोदी सर्वे में विजेता के तौर पर उभरे। मोदी को मिले मत उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी ओबामा, ट्रंप और विकीलीक्स के संस्थापक जुलियन असांजे को मिले सात फीसदी मतों के मुकाबले उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं।
- टाइम के अनुसार मोदी इस वर्ष की प्रख्यात व्यक्तित्वों उदहारण स्वरुप फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग (दो फीसदी) और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन (चार फीसदी) से कहीं आगे रहे।
- पर्सन ऑफ दी ईयर के नाम पर अंतिम निर्णय टाइम के संपादक इस हफ्ते के अंत तक लेंगे हालांकि सर्वे के परिणाम यह बताते हैं कि विश्व इन व्यक्तित्वों को किस तरह देखती है।
- ऑनलाइन सर्वे के अनुसार मोदी वर्ष 2016 के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के तौर पर उभर कर आए हैं।
- टाइम ने कहा कि रीडर सर्वे एक महत्वपूर्ण झरोखा है जो बताता है कि वर्ष 2016 में छाए रहने वाले व्यक्ति उनके अनुसार कौन हैं।
- मोदी ने यह सर्वे दूसरी बार जीता है। इससे पहले वर्ष 2014 में उन्हें पचास लाख मतों में से 16 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त

हुए थे। लगातार चौथे वर्ष वह 'पर्सन ऑफ दी ईयर' की दौड़ में सम्मिलित हुए हैं। यह सम्मान हर वर्ष उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने ''अच्छी या बुरी वजह से वर्ष भर हमारे विश्व को प्रभावित किया और खबरों में छाया रहा।'' पिछले वर्ष यह सम्मान जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल को मिला था।

- टाइम ने सेप्टेंबर प्यू पोल के हवाले कहा कि हाल के महीनों में मोदी को पसंद करने वाले भारतीयों की उच्च रेटिंग देखने को मिली है।

## प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में देश के अब तक पहले 'भारतीय कौशल संस्थान' की आधारशिला रखी



- युवकों को अधिक रोजगार पाने योग्य एवं स्वनिर्भर बनने के लिए उन्हें अधिकार संपन्न बनाने के द्वारा भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने के अपने दूरदृष्टि के अनुरूप प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में देश के अब तक पहले 'भारतीय कौशल संस्थान' की आधारशिला रखी।
- इस संस्थान की संकल्पना नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन की यात्रा के दौरान की गई थी। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन की साझेदारी में देश में अपनी तरह के ऐसे पहले संस्थान की स्थापना करने का निर्णय किया है। यह संस्थान प्रशिक्षण के सिंगापुर मॉडल से प्रेरित है और यह देश के विभिन्न सर्वश्रेष्ठ प्रचलनों को अंगीकार करेगा। मंत्रालय ने ऐसे **6** संस्थान खोलने का निर्णय किया है।
- प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए कौशल प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों के अत्याधुनिक स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रचलनों को प्रदर्शित किया जाएगा और यह प्रदर्शनी **19** से **22** दिसंबर के बीच कानपुर के रेल मैदानों में आम जनता के लिए खुली रहेगी।
- मोदी प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) एवं चालकों के प्रशिक्षण संस्थानों समेत देश के युवाओं के लिए कई प्रकार की कौशल विकास पहलों को लांच करेंगे। समारोह के दौरान विभिन्न उद्योगों के बीच कार्यनीतिक साझेदारियों का भी आयोजन किया जाएगा, जो अगले तीन वर्षों के दौरान लगभग **4** लाख युवाओं को प्रशिक्षित करेगी तथा उन्हें रोजगार देगी।
- समारोह के दौरान राज्य में 'राष्ट्रीय शिक्षु संवर्धन योजना ' की भी घोषणा की जाएगी, जिसके सफल कार्यान्वयन में राज्य सरकार की एक बड़ी भूमिका है। ऐसी केवल **23000** निजी कंपनियां हैं, जो देश भर में प्रशिक्षुता से जुड़ी हुई है। एमएसडीई का प्रयत्न राज्य सरकार के समर्थन को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षु प्रशिक्षणों पर अधिक कंपनियों के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने की है। यह संभावित कर्मचारियों एवं नियोक्ता के बीच की खाई को कम करने का एक प्रत्यक्ष तरीका है। प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के अंतर्गत इसके मॉडल ने कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाया है। **2016-17** के लिए वित्तीय वर्ष लक्ष्य देश भर में कम से कम **5** लाख शिक्षुओं का नामांकन सुनिश्चित करने का है। माननीय प्रधानमंत्री सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को भी सम्मानित करेंगे, जिन्होंने शिक्षु भागीदारी में उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है।
- उत्तर प्रदेश के **65** जिलों में अभी तक **400** सक्रिय कौशल विकास केंद्र हैं, जिनका संचालन साझीदारों द्वारा किया जाता है। लगभग **3** लाख युवकों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है और उनमें से **50** प्रतिशत युवकों को उनकी पसंद का रोजगार प्राप्त भी हो चुका है। चाहे कृषि क्षेत्र हो, परिधान क्षेत्र, ऑटो कम्पोनेंट क्षेत्र हो, बैंकिंग और वित्तीय सेवा, हॉस्पीलिटी या चमड़ा क्षेत्र हो, हमने देखा है कि युवक सभी क्षेत्रों में दिलचस्पी प्रदर्शित करते हैं और अपनी पसंद का कौशल सीखते हैं।
- कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की योजना देश के प्रत्येक जिले में एक-एक प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) खोलने की है, जिससे कि स्थानीय रूप से युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन किया जा सकें। मोदी जी द्वारा समारोह के दौरान **31** पीएमकेके लांच किए जाने की घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र आधुनिक अवसंरचना के साथ प्रतिष्ठित अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र हैं, जिससे कि देश में कौशल प्रशिक्षणों को बढ़ावा दिया जा सके।

## आईसीसी की वर्ष की महिला टीम में स्मृति मंदाना एकमात्र भारतीय



- भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंदाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष **2016** की महिला टीम में चुना गया है। इसकी घोषणा की गयी।
- वर्ष की महिला टीम में पिछले **12** महीनों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को रखा गया है। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को इस टीम का कप्तान बनाया गया है। खिलाड़ियों का चयन **14** सितंबर **2015** से लेकर **20** सितंबर **2016** तक उनके प्रदर्शन के आधार पर टीम में लिया गया। इस दौरान महिला विश्व टी**20** और आईसीसी महिला चैंपियनशिप भी खेली गयी।

- मंदाना के अतिरिक्त इस टीम में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स, राचेल प्रीस्ट और लीग कास्पेरेक, आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग और एलिस पेरी, इंग्लैंड की हीथर नाइट और अन्य श्रुबसोले, वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और डींड्रा डोटिन तथा दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस को रखा गया है। आयरलैंड की किम गार्थ को 12वीं खिलाड़ी चुना गया है। इस टीम का चयन एक पैनल ने किया जिसमें क्लेरी कोनोर ( अध्यक्ष ), मेल जोन्स और शुभांगी कुलकर्णी सम्मिलित थी। इस बीच सूजी बेट्स वर्ष की आईसीसी महिला वनडे और टी20 दोनों पुरस्कार जीतने वाली पहली क्रिकेटर बन गयी। वर्ष की महिला टीम (बल्लेबाजी क्रम में) सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड ), राचेल प्रीस्ट (न्यूजीलैंड ), स्मृति मंदाना (भारत ), स्टेफनी टेलर ( वेस्टइंडीज), कप्तान रू, मेग लैनिंग (आस्ट्रेलिया), एलिस पेरी ( आस्ट्रेलिया ), हीथर नाइट ( इंग्लैंड ), डींड्रा डोटिन ( वेस्टइंडीज ), सुने लुस (दक्षिण अफ्रीका ), अन्या श्रुबसोले ( इंग्लैंड ), लीग कास्पेरेक (न्यूजीलैंड ) 12वीं खिलाड़ी , किम गार्थ ( आयरलैंड )।

## परमाणु क्षमता से लैस 'अग्नि-5' मिसाइल का परिक्षण सफल



- परमाणु क्षमता से लैस बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का ओडिशा के तट से सफल परीक्षण किया गयाद्य भारत में विकसित सतह से सतह पर मार करने में सक्षम इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट से दूर व्हीलर आइलैंड में किया गयाद्य यह इस मिसाइल का चौथा और अंतिम परीक्षण था।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मिसाइल के लॉन्च के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि इसके परीक्षण की पूरी तैयारियां की जा चुकी हैं।
- स्ट्राइक रेट 6,000 किलोमीटर वाली इस मिसाइल से न केवल पाकिस्तान या चीन बल्कि यूरोप तक निशाना लगाया जा सकता है। अग्नि-5 से भारत की लॉन्ग रेंज स्ट्राइक क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी हो चुकी है।
- ये सारी बातें अग्नि-5 को बनाते हैं सबसे अलग
- अग्नि-5 एक इंटरनेशनल बेलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी रेंज 5,500 से 5,800 किलोमीटर के बीच है।
- अग्नि-5 परमाणु क्षमता से युक्त मिसाइल है, इसके परमाणु आयुध का भार ढोने की क्षमता 1 टन से अधिक है।
- अग्नि मिसाइल की श्रृंखला में अग्नि-5 का निर्माण सबसे आध ुनिक तरीकों से किया गया है, इसमें काफी कुछ नए प्रोद्योगिकी को सम्मिलित किया गया है।
- अग्नि-5 मिसाइल की लंबाई 17 मीटर है वहीं चौड़ाई 2 मीटर है, इसका प्रक्षेपण भार लगभग 50 टन है।
- इस मिसाइल का पहले भी तीन बार परीक्षण किया जा चुका है। वर्ष 2012, 2013 और 2015 में इसका परीक्षण किया जा चुका है।

## पुर्तगाल के एन्टोनियो गुत्तरॅश, ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की शपथ ग्रहण की

- नवनियुक्त महासचिव पुर्तगाल के पूर्व प्रधानमंत्री एन्टोनियो गुत्तरॅश ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की शपथ ग्रहण की। वह संयुक्त राष्ट्र के नवें प्रमुख होंगे। एंटोनियो गुत्तरॅश 1 जनवरी से पद भर ग्रहण करेंगे।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 13 अक्टूबर 2016 को गुतेरेस को संयुक्त राष्ट्र का नौवां महासचिव नियुक्त किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष पीटर थॉमसन ने गुत्तरॅश को विशेष समारोह में पद की शपथ ग्रहण करायीद्य गुत्तरॅश का कार्यकाल एक जनवरी 2017 से पांच वर्ष होगा जो 31 दिसंबर, 2021 तक समाप्त होगा।
- उन्हें महासभा ने सर्वसम्मति से बान की मून का उत्तराधिकारी नियुक्त किया। बान की मून का कार्य काल 31 दिसंबर को पूरा होगा। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने अक्टूबर में इस पद हेतु उनका नाम सर्वसम्मति से अंतिम स्वीकृत को महासभा के पास भेजा।
- शपथ ग्रहण के बाद गुत्तरॅश ने 193 सदस्य राष्ट्रों को संबोधित कियाद्य उनके अनुसार इस वैश्विक निकाय को विकेंद्रीकरण एवं अपनी नौकरशाही को लचीला बनाने हेतु काम करना चाहिए।

### एंटोनियो गुत्तरॅश के उद्देश्य-

- संयुक्त राष्ट्र को फुर्तीला, कार्यकुशल एवं प्रभावी होने की आवश्यक्ता है।
- उसे प्रक्रिया पर कम, सेवाओं की आपूर्ति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।
- उनका उद्देश्य संगठन हेतु अमन, सतत विकास को बढ़ावा देना और आतंरिक प्रबंधन में सुधार हेतु काम करना है।
- नए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने वैश्विक संकटों से निपटने के लिए 71 वर्षीय इस वैश्विक निकाय की क्षमता सुधारने के वास्ते उसमें सुधार करने, उसे विकेंद्रीकृत करने एवं लचीला बनाने का निश्चय किया।

### गुत्तरॅश के बारे में-

- गुत्तरॅश ने जून 2005 से दिसंबर 2015 तक शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के रूप में सेवाएं दीं।
- वह 1995 से 2002 तक पुर्तगाल के प्रधानमंत्री भी रहे।
- एंतोनियो गुतेरस ने शपथ ग्रहण के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा को उन्होंने बताया कि वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों व सिद्ध ांतों के निर्देशानुरूप काम करेंगे।
- वह विश्व के स्थाई विकास अजेंडे को बेहतर तरीके से सहायता प्रदान कराने हेतु प्रणाली में सुधार के लिए संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे।

Mahendra's

i STUDENT PORTAL

EXAM BEFORE EXAM

# Become Successful with our Speed Test

SOURCES | EXAMS | LEADS




stportal.mahendras.org

Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

www.mahendras.org | myshop.mahendras.org | www.mahendraguru.com | www.mahendraskills.org|

# DIGI PAGE




## भीमः भारत इंटरफेस फॉर मनी

- शुरुआतः **30 दिसंबर 2016**
- द्वाराः भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई)
- आधार परः एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई)
- देश में नव विकसित भुगतान एप भीम (धन के लिए भारत इंटरफेस) का नाम भारतीय संविधान के मुख्य वस्तुकार भीम राव अम्बेडकर के नाम पर रखा गया।
- यह एप देश में वित्तीय समानता का सृजन करेगा जैसा कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने परिकल्पना की थी।
- भीम काले धन की प्रणाली पर अंकुश लगाने के साथ समाज में समानता का सृजन करेगा।
- भीम आधार प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए एक बायोमीट्रिक भुगतान प्रणाली वाला एप है, जो सीधे ही बैंक के माध्यम से ई-भुगतान की सुविधा के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस पर आधारित है।
- इसे प्रौद्योगिकी और डिजिटल लेन-देन के महत्व पर जोर देना शुरू किया गया है।
- इसे सभी मोबाइल उपकरणों स्मार्ट फोन, फीचर फोन, द्वारा इंटरनेट कनेक्शन के साथ या उसके बिना उपयोग किया जा सकता है।
- भीम एप द्वारा आधार गेटवे से जुड़े बैंक खाते में अंगूठे के निशान से ही भुगतान किया जा सकता है।
- वास्तव में भीम के माध्यम से प्रौद्योगिकी गरीब से गरीब छोटे व्यापारियों और हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाएगी।
- नए एप से प्लास्टिक कार्ड और पीएस मशीनों की भुमिका कम होने की आशा है यह एप मास्टर कार्ड और वीसा जैसे सेवा प्रदाताओं के शुल्क के भुगतान को समाप्त करेगा।
- इस एप को स्मार्ट फोन के माध्यम से पैसा मंगाने और भेजने में भी प्रयोग किया जा सकता है।
- इसके माध्यम से पैसे, गैर यूपीआई समर्थित बैंकों को भी भेजे जा सकते है।
- बैंक बैलेंस भी एप्लिकेशन के माध्यम से देखा जा सकता है।
- वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में यह ऐप उपस्थित है जो जल्द ही बाकि भाषाओं में भी उपलब्ध होगा।
- यह दर्शाता है कि इस ई-वॉलेट एप्लिकेशन में भविष्य में फिंगरप्रिंट सत्यापन की सुविधा होगी, जिससे केवल अंगूठे द्वारा भुगतान कर पाना आवश्यक हो जाएगा।
- अब अँगूठा आपका बैंक हो जाएगा।
- लोग इस एप्लिकेशन का उपयोग कर और इस का समर्थन कर काले धन पर अंकुश लगाने की प्रक्रिया में सहायता कर सकेंगे।

# DIGI PAGE




## 2016 आईसीसी पुरस्कार के विजेताओं की सूची

| क्र. स. | श्रेणी | व्यक्ति |
|---|---|---|
| 1 | आईसीसी क्रिकेटर ऑफ दि ईयर (सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी) | रविचंद्रन अश्विन (भारत) |
| 2 | आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | रविचंद्रन अश्विन (भारत) |
| 3 | आईसीसी ODI क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | क्विंटन डि काक (दक्षिण अफ्रीका) |
| 4 | आईसीसी महिला ODI क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड) |
| 5 | आईसीसी महिला T20I क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड) |
| 6 | आईसीसी T20I वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी 20 प्रदर्शन | कार्लोस ब्रेथवेट (वेस्ट इंडीज) |
| 7 | आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | मुस्तफिजुर रहमान (बांग्लादेश) |
| 8 | आईसीसी एसोसिएट/संबद्ध क्रिकेटर ऑफ दि ईयर | मोहम्मद शहजाद (अफगानिस्तान) |
| 9 | आईसीसी स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवार्ड | मिस्बाह-उल-हक (पाकिस्तान) |
| 10 | आईसीसी अंपायर ऑफ दि ईयर (डेविड शेफर्ड ट्राफी) | मराइस इरासमस |

# भाग्यशाली ग्राहक योजना और डिजी धन व्यापार योजना




- शुरुआतः 25 दिसंबर 2016 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली
- उद्देश्यः इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना है जिससे समाज का हर वर्ग, खासकर गरीब वर्ग इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को अपना सके।
- अवधिः इस योजना का आरंभ, 25 दिसंबर, 2016 को पहली बार इसका लकी ड्रा कर के किया गया (राष्ट्र के लिए एक क्रिसमस उपहार के रूप में) जबकि इसका मेगा ड्रा, 14 अप्रैल 2017 को बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती पर किया जायेगा।
- मानदंडः प्रोत्साहन 50 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक दिया जाना तय हुआ है। उपभोक्ताओं और व्यापारियों के बीच सभी लेनदेन, उपभोगताओं और सरकारी एजेंसियों के बीच लेनदेन और सभी एईपीएस लेनदेनों को इसके अंतर्गत लया गया है।
- अनुमानित व्ययः पहले चरण के लिए 340 करोड़ रुपये

## भाग्यशाली ग्राहक योजना (उपभोक्ता)

- आरम्भिक 100 दिनों की लिए 15000 भाग्यशाली उपभोगताओं को प्रतिदिन 1000 रुपये का दैनिक इनाम प्रदान किया जायेगा।
- साप्ताहिक पुरस्कार 1लाख, 10000 रुपये और 5000 रुपये का निश्चित किया गया है।
- 1 करोड़, 50 लाख, 25 लाख रुपये के 3 मेगा पुरस्कार भी निश्चित किये गए हैं।
- पात्रताः इसके अंतर्गत सभी लेनदेन जैसे यूपीआई, यूएसएसडी, एईपीएस और रुपे कार्ड आदि सम्मिलित हैं परन्तु कुछ समय के लिए निजी क्रेडिट कार्ड और डिजिटल ववॉलेट को इससे बाहर रखा गया है।

## डिजी धन व्यापार योजना (व्यापारी)

- 50,000, 5,000 और 2,500 रुपये मूल्य का साप्ताहिक पुरस्कार निश्चित किया गया है।
- 50 लाख, 25 लाख और 12 लाख रुपए के 3 मेगा पुरस्कार निश्चित किये गए हैं।

# DIGI PAGE




## होने वाले खेल एवं शिखेर सम्मेलन

| खेलध्सम्मलेन | स्थान |
|---|---|
| ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2017 | चीन |
| फीफा विश्व कप 2018 | रूस |
| फीफा विश्व कप 2022 | कतर |
| फीफा अंडर -20 विश्व कप | कोरिया गणराज्य |
| राष्ट्रमंडल खेल 2018 | गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) |
| ओलंपिक खेल 2020 | टोक्यो(जापान) |
| शीतकालीन ओलंपिक खेल 2018 | प्योंगयांग (दक्षिण कोरिया) |
| शीतकालीन ओलंपिक खेल 2022 | बीजिंग (चाइना) |
| पैरालम्पिक खेल 2020 | टोक्यो (जापान) |
| विश्व कप टी -20 टूर्नामेंट 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| वनडे क्रिकेट विश्व कप 2019 | इंग्लैंड एंड वेल्स |
| वनडे क्रिकेट विश्व कप 2023 | भारत |
| एशियाई खेलों 2018 | जकार्ता |
| पुरुषों का हॉकी विश्व कप 2018 | भारत |
| महिला हॉकी विश्व कप 2018 | इंग्लैंड |
| जी -20 शिखर सम्मेलन 2017 | हैम्बर्ग |
| जी -20 शिखर सम्मेलन 2018 | ब्यूनस आयर्स |

# Mahendra's

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

## FULFILL YOUR DREAM OF GETTING A GOVERNMENT JOB...

# Join Mahendra's

GET ADMISSION ONLINE VISIT : myshop.mahendras.org

## Special Batches for :

IBPS प्रज्ञाविभावनम्

भारतीय रिज़र्व बैंक RESERVE BANK OF INDIA

तटस्थता उपयुक्तता निष्पक्षता IMPARTIALITY OBJECTIVITY SUITABILITY कर्मचारी चयन आयोग SSC

भारतीय रेल INDIAN RAILWAYS

## Batches Start from Every Wednesday

www.mahendras.org

www.mahendraguru.com

Toll Free 1800-103-5225

DIGITAL PLATFORM

YouTube Subscribe us : www.youtube.com/c/MahendraGuruvideos

Like us : www.facebook.com/Emahendras

Follow us : www.instagram.com/mahendra.guru